इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 4] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 24 जनवरी 2014—माघ 4, शक 1935

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 4 जनवरी 2014

क्र. ई.-5-607-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री के. सी. गुप्ता, आयएएस., तत्कालीन कमिश्नर, उज्जैन संभाग को समसंख्यक आदेश दिनांक 12 दिसम्बर 2013 द्वारा दिनांक 30 दिसम्बर 2013 से 4 जनवरी 2014 तक, छ: दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश दिनांक 5 जनवरी 2014 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति के साथ स्वीकृत करते हुए अवकाश अवधि में प्रभार श्री बी. एम. शर्मा, भाप्रसे कलेक्टर, उज्जैन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा गया था.

(2) श्री के. सी. गुप्ता के श्रम आयुक्त, मध्यप्रदेश इन्दौर तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इन्दौर के पद पर स्थानांतरण होने के फलस्वरूप अवकाश अवधि में उनका प्रभार अब श्री संजय दुबे, कमिश्नर, इन्दौर संभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) श्री के. सी. गुप्ता द्वारा श्रम आयुक्त, मध्यप्रदेश इन्दौर तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश वित्त निगम, इन्दौर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री संजय दुबे उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

क्र. ई.-5-816-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री संजीव सिंह, आयएएस., कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर को दिनांक 30 दिसम्बर 2013 से 10 जनवरी 2014 तक, बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 11 एवं 12 जनवरी 2014 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2014

(2) श्री संजीव सिंह की अवकाश अवधि में श्री दीपक सक्सेना, अपर कलेक्टर (विकास) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नरसिंहपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री संजीव सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संजीव सिंह, द्वारा कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री दीपक सक्सेना, कलेक्टर जिला नरसिंहपुर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री संजीव सिंह, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजीव सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 8 जनवरी 2014

क्र. ई.-5-416-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री के. सुरेश, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा परिवहन विभाग को दिनांक 28 दिसम्बर 2013 से 8 जनवरी 2014 तक, बारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री के. सुरेश, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा परिवहन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री के. सुरेश को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. सुरेश, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-670-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्रीमती अलका उपाध्याय, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल को दिनांक 6 से 10 जनवरी 2014 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्रीमती अलका उपाध्याय की अवकाश की अवधि में उनका प्रभार डॉ. रवीन्द्र पस्तौर, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं पदेन अपर विकास आयुक्त, मध्यप्रदेश को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती अलका उपाध्याय को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती अलका उपाध्याय द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. रवीन्द्र पस्तौर उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती अलका उपाध्याय को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती अलका उपाध्याय, अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ॲन्टोनी जे. सी. डिसा, मुख्य सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 जनवरी 2014

क्र. एफ 1 (ए)-400-88-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 10/13 फरवरी 2009 द्वारा श्री पुरुषोत्तम शर्मा, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (पुलिस सुधार/सामुदायिक पुलिसिंग), पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 17 जनवरी से 17 मार्च 2009 तक, कुल साठ दिवस का स्वीकृत किया गया अर्जित अवकाश, राज्य शासन द्वारा निरस्त करते हुए उन्हे दिनांक 16 मार्च से 15 मई 2009 तक, कुल बासठ दिवस का अर्जित अवकाश उपभोग पश्चात् स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री पुरुषोत्तम शर्मा, भापुसे, को दिनांक 12 अक्टूबर से 18 नवम्बर 2011 तक, कुल अढ़तीस दिवस का अर्जित अवकाश उपभोग पश्चात् स्वीकृत किया जाता है.

(3) श्री पुरुषोत्तम शर्मा, भापुसे को दिनांक 13 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2013 तक, कुल उन्नीस दिवस का लघुकृत अवकाश उपभोग पश्चात् स्वीकृत किया जाता है. इनके अवकाश खाते से अढ़तीस दिवस का अर्द्धवैतनिक अवकाश घटाया जायेगा.

(4) अवकाशकाल में श्री पुरुषोत्तम शर्मा, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(5) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री पुरुषोत्तम शर्मा, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 8 जनवरी 2014

क्र. एफ 1 (ए)62-2001-बी-2-दो.—श्री राकेश गुप्ता, भापुसे, पुलिस उप महानिरीक्षक, इन्दौर रेंज शहर, इन्दौर को दिनांक 4 से 6 नवम्बर 2013 तक, तीन दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 3 नवम्बर 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाशकाल में श्री राकेश गुप्ता, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राकेश गुप्ता, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1 (ए)-265-1986-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 4 दिसम्बर 2012 द्वारा श्री सरबजीत सिंह, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुप्तवार्ता, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 23 से 31 दिसम्बर 2013 तक, नौ दिवस अर्जित अवकाश, 21 एवं 22 दिसम्बर 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया गया था.

(2) श्री सरबजीत सिंह, भापुसे, द्वारा उपर्युक्तानुसार स्वीकृत अवकाश का उपभोग न करने के कारण राज्य शासन द्वारा उक्त आदेश दिनांक 4 दिसम्बर 2012 को एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. स्वाई, प्रमुख सचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 8 जनवरी 2014

क्र. डी-15-1-2014-चौदह-3.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिये, उक्त अधिनियम की अनुसूची में विर्निदिष्ट की गई कृषि उपज का होशंगाबाद जिले की बाबई तहसील के विकासखण्ड एवं तहसील बाबई में समाविष्ट समस्त राजस्व एवं वन ग्राम के क्षेत्र में कृषि उपज के क्रय-विक्रय का विनियमन करने के लिये बाबई में पृथक् मंडी स्थापित करने के अपने आशय की घोषणा करती है.

किसी भी ऐसी आपत्ति या सुझाव पर जो लिखित में किसी भी व्यक्ति से इस अधिसूचना के "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशित होने के दिनांक से 6 सप्ताह की कालावधि के भीतर प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल को प्राप्त हो, राज्य सरकार द्वारा विचार किया जावेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 8 जनवरी 2014

क्र. डी.-15-1-2014-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 8 जनवरी 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 8th January 2014

No. D-15-1-2014-XIV-3.—WHEREAS, in exercise of the powers conferred by the sub-section (1) of Section 3 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby declares its intention to establish a Seprate market at Babai for the purpose of the "Said Act" for regulating the purchase and sale of agricultral produce mentioned in the schedule of the said Act, including all revenue and forest villages of the area of Development Block and Tehsil Babai in Hoshangabad district.

Any objection which may be received in writing by the Principal Secretary to Government of Madhya Pradesh, Farmer Welfare and Agriculture Development Department, Bhopal from any person with respect to this Notification within Six weeks from the date of publication of this Notification in the "Madhya Pradcsh Gazette" will be considered by the State Government.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

भोपाल, दिनांक 8 जनवरी 2014

क्र. डी-15-1-2014-चौदह-3.—चूंकि, राज्य शासन ने मध्यप्रदेश, कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 4 के अधीन जारी की गई इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक डी-15-26-98-चौदह-3, दिनांक 26 सितम्बर 2003 द्वारा कृषि उपज मंडी होशंगाबाद में समाविष्ट होशंगाबाद जिले की बाबई व होशंगाबाद तहसील के विकासखण्ड बाबई व होशंगाबाद के क्षेत्र में (जो इसमें इसके पश्चात् ''उक्त मण्डी क्षेत्र'' के नाम से निर्दिष्ट है), उक्त अधिसूचना में निर्दिष्ट कृषि उपजों के क्रय-विक्रय को विनियमित किया था.

और, चूंकि, ''उक्त मण्डी क्षेत्र'' में होशंगाबाद जिले की तहसील एवं विकासखण्ड बाबई में समाविष्ट क्षेत्र (जो इसमें इसके पश्चात् उक्त क्षेत्र के नाम से निर्दिष्ट है) को विपाटित करके पृथक् मंडी स्थापित करना प्रस्तावित है.

अतएव, मध्यप्रदेश, कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 70 की उपधारा (1) के खण्ड (तीन) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, ''उक्त मण्डी क्षेत्र'' में ''उक्त क्षेत्र'' को विपाटित करके बाबई में पृथक् मंडी स्थापित करने के अपने आशय को संज्ञापित करती है.

किसी भी ऐसी आपत्ति या सुझाव पर जो लिखित में किसी भी व्यक्ति से इस अधिसूचना के ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में प्रकाशित होने के दिनांक से 6 सप्ताह की कालावधि के भीतर प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, भोपाल को प्राप्त हो, राज्य सरकार द्वारा विचार किया जावेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

भोपाल, दिनांक 8 जनवरी 2014

क्र. डी-15-1-2014-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 8 जनवरी 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
हेमराज सिंह, अवर सचिव.

Bhopal, the 8th January 2014

No. D-15-1-2014-XIV-3.—WHEREAS, by this Department Notification No. D-15-26-98-XIV-3, dated 26th September 2003 issued under the provisions of Section 4 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government regulated the purchase and sale of the Agricultural produce specified in the said notification for Krishi Upaj Mandi Hoshangabad in the area comprised of Development Block Hoshangabad and Babai in Tehsil Hoshangabad and Babai of Hoshangabad District, (here in after referred to as the"said market area").

AND, WHEREAS, it is now proposed to establish a seprate market by splitting the area comprising of Development Block and Tehsil Babai of Hoshangabad District (here in after referred to as the "said area").

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by clause (iii) of sub-section (1) of Section 70 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), the State Government hereby signifies its intention to establish a seperate market at Babai by splitting the "said area" from the "said market area".

Any objection which may be received in writing by the Principal Secretary to Government of Madhya Pradesh, Farmer Welfare and Agriculture Development Department, Bhopal from any person with respect to this Notification within Six Weeks from the date of publication of this Notification in the "Madhya Pradesh Gazette" will be considered by the State Government.

By order and in the name of the Governor
of Madhya Pradesh,
HEMRAJ SINGH, Under Secy.

ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 जनवरी 2014

क्रमांक एफ. 13-39-2011-तेरह.—यत:, राज्य में उद्योगों की स्थापना को प्रोत्साहन देने एवं ''उद्योग संवर्धन नीति, 2010 तथा कार्य योजना'' के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग ने अपने आदेश क्रमांक एफ-16-35-2013-बी-11, दिनांक 4 अक्टूबर 2013 द्वारा ट्रायडेंट समूह की कंपनियों यथा मेसर्स ट्रायडेंट कार्पोरेशन लिमिटेड एवं मेसर्स ट्रायडेंट लिमिटेड द्वारा बुदनी, जिला सीहोर में एक ही परिसर में पूर्व से स्थापित या स्थापित की जा रही या प्रस्तावित परियोजनाओं को मेसर्स ट्रायडेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के टेक्सटाइल परियोजना के अंतर्गत केप्टिव पॉवर संयंत्र से उत्पादित विद्युत के उपभोग पर शुल्क के उद्ग्रहण से पूर्णत: छूट प्रदान की गई है.

अतएव, मध्यप्रदेश विद्युत शुल्क अधिनियम, 2012 (क्रमांक 17, सन् 2012) की धारा 5 के खण्ड (एक) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, मेसर्स ट्रायडेंट समूह की कम्पनियों यथा मेसर्स ट्रायडेंट कार्पोरेशन लिमिटेड एवं मेसर्स ट्रायडेंट लिमिटेड के बुदनी, जिला सीहोर में एक ही परिसर में पूर्व से स्थापित या स्थापित की जा रही या प्रस्तावित परियोजनाओं को मेसर्स ट्रायडेंट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा स्थापित टेक्सटाइल परियोजना के अंतर्गत

केप्टिव पॉवर संयंत्र से उत्पादित विद्युत के उपभोग पर शुल्क के उद्ग्रहण से पूर्णतः छूट प्रदान करती है.

यह अधिसूचना इसके "मध्यप्रदेश राजपत्र" में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगी तथा 10 वर्षों तक प्रभावी रहेगी.

No. F-13-39-2011-XIII.—WHEREAS, in order to encourage establishment of industries in the State and to fullfill the objectives of "Industrial Promotion Policy, 2010 and Action Plan", the Commerce, Industries and Employment Department's *vide* order No. F-16-35-2013-B-XI, dated 4th October 2013 has wholly exempted the projects of Trident Group of Companies namely M/s Trident Corporation Limited and M/s Trident Limited already established/being established / proposed in the same campus at Budhani, district Sehore from levy of duty on consumption of the electricity generated by the captive power plant under the textile project of M/s Trident Corporation Limited;

NOW, THEREFORE, in exercise of powers conferred by clause (i) of Section 5 of the Madhya Pradesh Vidyut Shulk Adhiniyam, 2012 (No. 17 of 2012), the State Government, hereby, wholly exempt the projects of Trident Group of Companies namely M/s Trident Corporation Limited and M/s Trident Limited, already established / being established / proposed in the same campus at Budhni, district Sehore from levy of duty on consumption of electricity generated by the captive power plant under the Textile project of M/s Trident Corporation Limited.

This notification shall come into force from the date of its publication in the "Madhya Pradesh Gazette" and will remain in force for 10 years.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मोहम्मद सुलेमान, प्रमुख सचिव.

वन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 जनवरी 2014

क्र. एफ. 25-12-2013-दस-3.—मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक एफ. 110-X-1-6-1-83, दिनांक 6 जनवरी 1983 में आंशिक संशोधन करते हुए, सिवनी वन वृत्त के अंतर्गत जिला सिवनी के वर्तमान उत्तर सिवनी (उत्पादन) एवं दक्षिण सिवनी (उत्पादन) वनमंडलों को एकीकृत करते हुए सिवनी (उत्पादन) वनमंडल का निम्नानुसार पुनर्गठन किया जाता है:—

क्र.	वृत्त का नाम	जिले का नाम	वनमंडल का नाम (मुख्यालय)	उत्पादन उप वनमंडल का नाम (मुख्यालय)	उत्पादन परिक्षेत्रों एवं काष्ठागारों के नाम (मुख्यालय)	सम्मिलित क्षेत्रीय एवं बफर जोन परिक्षेत्रों के नाम (क्षेत्रीय वनमंडल)	उत्पादन वनमंडल की सीमाओं का विवरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	सिवनी	सिवनी	सिवनी उत्पादन वनमंडल (सिवनी).	1. सिवनी (सिवनी).	1. सिवनी (सिवनी)	सिवनी (दक्षिण सिवनी) बरघाट (दक्षिण सिवनी) बंडोल (दक्षिण सिवनी) रूखड़ (दक्षिण सिवनी)	**उत्तर**—जबलपुर एवं मंडला जिलों की दक्षिणी सीमा.
					2. बाम्हनदेही काष्ठागार (बाम्हनदेही).		**पूर्व**—मंडला एवं बालाघाट, जिलों की पश्चिमी सीमा.
				2. कुरई (कुरई)	1. अरी (अरी)	घाटकोहका, (बफर जोन) रूखड़ (बफर जोन) अरी (बफर जोन)	**दक्षिण**—महाराष्ट्र राज्य की उत्तरी सीमा.
					2. कुरई (कुरई)	खवासा (बफर जोन) कुरई (दक्षिण सिवनी) खवासा (दक्षिण सिवनी)	**पश्चिम**—पेंच राष्ट्रीय उद्यान, पेंच अभयारण्य एवं छिंदवाड़ा तथा नरसिंहपुर जिलों की पूर्वी सीमा.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
				3. केवलारी (केवलारी).	1. केवलारी (केवलारी).	केवलारी (उत्तर सिवनी) छपारा (उत्तर सिवनी) कान्हीवाड़ा (दक्षिण सिवनी)	
					2. घंसौर (घंसौर)	घंसौर (उत्तर सिवनी) कहानी (उत्तर सिवनी)	
				4. धूमा (लखनादौन).	1. धूमा (लखनादौन)	धूमा (उत्तर सिवनी) शिकारा (उत्तर सिवनी) लखनादौन (उत्तर सिवनी).	
					2. धूमा काष्ठागार (धूमा).		

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रशांत कुमार, सचिव.

भोपाल, दिनांक 15 जनवरी 2014

क्र. एफ-25-12-2013-दस-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्र. एफ-25-12-2013-दस-3, दिनांक 15 जनवरी 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रशांत कुमार, सचिव.

Bhopal, the 15th January 2014

No. F 25-12-2013-X-3.—The existing North Seoni (Production) and South Seoni (Production) Divisions of Seoni Forest Circle under District Seoni are merged and reorganized as Seoni (Production) forest Division by partially amending the Notification No. 110-X-1-6-01-83, dated 06th, January, 1983 of Madhya Pradesh Government, Forest Department, Mantralaya, Vallabh Bhawan, Bhopal as under:—

S. No.	Name of Circle	Name of District	Name of Forest Division (H. Q.)	Name of Production Forest sub-Division (H. Q.)		Territorial and Buffer Zone Ranges included (Territorial Forest Division)	Details of boundaries of Productions Forest Division
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1	Seoni	Seoni	Seoni Production Forest Division (Seoni).	1. Seoni (Seoni)	1.Seoni (Seoni)	Seoni (South Seoni) Barghat (South Seoni) Bandol (South Seoni) Rukhad (South Seoni)	**North**—Southern boundary of district Jabalpur and Mandla. Balaghat. **East**—Western boundary of district Mandla and Balaghat. **South**—Northern boundary of Maharashtra state.
					2.Bamhandehi Depot. (Bamhandeh).		
				2.Kurai (Kurai).	1.Ari (Ari)	Ghatkohka (Buffer Zone) Rukhad (Buffer Zone) Ari (Buffer Zone)	
					2.Kurai (Kurai)	Khawasa (Buffer Zone) Kurai (South Seoni).	

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
						Khawasa (South Seoni)	**West**—Pench National Park, Pench Sanctuary and eastern boundary of Chhindwada
				3. Keolari (Keolari).	1. Keolari (Keolari).	Keolari (North Seoni)	
						Chhapara (North Seoni)	
						Kanhiwada (South Seoni)	
					2. Ghansore (Ghansore).	Ghansor (North Seoni)	
						Kahani (North Seoni)	
				4. Dhooma (Lakhnadon).	1. Dhooma (Lakhnadon).	Dhooma (North Seoni)	
						Shikara (North Seoni)	
						Lakhnadon (North Seoni).	
					2. Dhooma Depot (Dhooma).		

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh
PRASANT KUMAR, Secy.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 जनवरी 2014

क्र. एफ.-12-18-2012-बी-1-दो.—यत:, राज्य सरकार यह आवश्यक समझती है कि राज्य के पहचान किये गये ऐसे क्षेत्रों में जहां कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों पर अत्याचार होने की संभावनाएं अधिक हों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के विरुद्ध अत्याचारों के अपराधों के कारित किये जाने का निवारण किया जाए;

अतएव, इन क्षेत्रों में अत्याचारों का निवारण करने तथा केन्द्र सरकार द्वारा बनाई गई विधि के अधीन अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों के संरक्षण तथा सुरक्षा को सुनिश्चित करने तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (1989 का 33) की धारा 21 की उपधारा (2) के खण्ड (सात) के उपबंधों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की दृष्टि से राज्य सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट जिलों के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट ग्राम, वार्ड/नगर के क्षेत्रों के लिये कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट पुलिस थानों को, उक्त अधिनियम तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों के अधीन ऊपर उल्लिखित प्रयोजन के लिये अधिसूचित करती है:—

अनुसूची

अनुक्रमांक	जिला	पुलिस थाना	ग्राम, वार्ड/नगर
(1)	(2)	(3)	(4)
1	ग्वालियर	भितरवार	वागवई
2	रायसेन	मण्डीदीप	राहुलनगर
3	मुरैना	कैलारस	कस्बा कैलारस
		सबलगढ़	कस्बा सबलगढ़
		अम्बाह	ग्राम अम्बाह
		जौरा	कस्बा जौरा
		सिटी कोतवाली	गोपालपुरा
		माताबसैया	ग्राम परीक्षा
4	भिण्ड	देहात	महावीरनगगर वीटीआई रोड
5	विदिशा	कोतवाली	मोहनगिरि

(1)	(2)	(3)	(4)
			लोहांगीपुरा
6	श्योपुर	कराहल	कराहल
7	बैतूल	बैतूल	सदर
		आमला	आमला
		सारणी	पाथाखेड़ा
8	सीहोर	आष्टा	आष्टा
9	इन्दौर	महू	कस्बा महू
10	छतरपुर	बिजावर	कस्बा बिजावर
		बड़ामलहरा	कस्बा बड़ामलहरा.

F. 12-18-2012-B-1-Two.—WHEREAS, the State Government considers it necessary to prevent the commission of offences of atrocities against the members of the Scheduled Caste and Scheduled Tribes in such identified areas of the State where there are much possibilities of atrocities on Scheduled Caste and Scheduled Tribes members;

NOW THEREFORE, with a view to prevent atrocities in these area and to ensure protection and safety of members of Scheduled Caste and Scheduled Tribes under the law made by Central Government and in order to ensure effective implementation of provisions of clause (vii) of sub-section (2) of Section 21 of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989 (No. 33 of 1989), the State Government hereby, notify the Police Stations specified in column (3) for the area of village, ward/town specified in column (4) for the District specified in column (2) of the Scheduled given below for the above mentioned purpose under the said Act and rules made thereunder:—

SCHEDULE

S. No.	District	Police Station	Village, Ward/Towns
(1)	(2)	(3)	(4)
1	Gwalior	Bhitarwar	Wagwai
2	Raisen	Mandideep	Rahul Nagar
3	Morena	Kailaras	Town Kailaras
		Sabalgarh	Town Sabalgarh
		Ambaah	Village Ambaah
		Joura	Town Toura
		City Koutwali	Gopalpura
		Matabasaiya	Village Pareeksha
4	Bhind	Dehaat	Mahaveer Nagar BTI Road
5	Vidisha	Koutwali	Mohangiri, Lohangipura
6	Shyopur	Karahal	Karahal
7	Betul	Betul	Sadar
		Amla	Amla
		Sarni	Pathakheda
8	Sehore	Ashta	Ashta
9	Indore	Mahu	Town Mahu
10	Chhatarpur	Bijawar	Town Bijawar
		Badamalhara	Town Badamalhara.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डी. पी. गुप्ता, सचिव.

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 जनवरी 2014

क्र. ई.-5-525-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री आर. के. चतुर्वेदी, आयएएस., राहत आयुक्त एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व, पुनर्वास तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग को दिनांक 17 से 22 जनवरी 2014 तक, छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री आर. के. चतुर्वेदी की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री अजीत केसरी, भाप्रसे प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री आर. के. चतुर्वेदी को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न राहत आयुक्त एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व, पुनर्वास तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री आर. के. चतुर्वेदी द्वारा राहत आयुक्त एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व, पुनर्वास तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अजीत केसरी उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री आर. के. चतुर्वेदी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आर. के. चतुर्वेदी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-1-13-2014-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाए भा.प्र.से., अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाए पद पर अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है:—

तालिका

क्र.	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना	खाना (3) में अंकित पद असंवर्गीय होने की दशा में संवर्गीय पद जिसके समकक्ष घोषित किया गया
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्रीमती अजिता बाजपेयी पाण्डे (1981), अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग.	वि.क.अ.-सह-सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग.	अध्यक्ष राजस्व मंडल
2	श्री एस. आर. मोहन्ती (1982), वि.क.अ.-सह-सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग तथा वि.क.अ.-सह-आयुक्त, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम (अतिरिक्त प्रभार).	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग एवं वि.क.अ.-सह-आयुक्त, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम (अतिरिक्त प्रभार).	—
3	श्री संजय कुमार सिंह (1987), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग.	प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग.	—

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ॲन्टोनी जे. सी. डिसा, मुख्य सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

"निर्वाचन भवन"

58, अरेरा हिल्स, भोपाल (म. प्र.)-462011

आदेश

भोपाल, दिनांक 15 जनवरी 2014

क्र. एफ. 67-175-10-तीन-96.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** के आम निर्वाचन में **सुश्री सुमन विनोद प्रजापति,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी 2010 एवं 17 जनवरी 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **टीकमगढ़** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **टीकमगढ़** के पत्र दिनांक 29 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री सुमन विनोद प्रजापति** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री सुमन विनोद प्रजापति** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 16 फरवरी 2010 को जारी किया गया. कारण बताओ सूचना पत्र में **सुश्री सुमन विनोद प्रजापति** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री सुमन विनोद प्रजापति को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 15 मार्च 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 30 मार्च 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, आयोग द्वारा **सुश्री सुमन विनोद प्रजापति** को कारण बताओ सूचना-पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर से उनका अभिमत चाहा गया. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** से प्राप्त पत्र दिनांक 14 अगस्त 2013 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **सुश्री सुमन विनोद प्रजापति** ने आज दिनांक तक लेखे/अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरांत अभ्यर्थी **सुश्री सुमन विनोद प्रजापति** को दिनांक 10 दिसम्बर 2013 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुई, जबकि अभ्यर्थी **सुश्री सुमन विनोद प्रजापति** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 22 अक्टूबर 2013 की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 24 नवम्बर 2013 को कराई जा चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री सुमन विनोद प्रजापति** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

(जी. पी. श्रीवास्तव)

सचिव,

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 15 जनवरी 2014

क्र. एफ. 67-175-10-तीन-97.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** के आम निर्वाचन में **सुश्री काशीबाई ठाकुरदास खंगार,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी 2010 एवं 17 जनवरी 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **टीकमगढ़** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **टीकमगढ़** के पत्र दिनांक 29 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री काशीबाई ठाकुरदास खंगार,** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री काशीबाई ठाकुरदास खंगार** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 16 फरवरी 2010 को जारी किया गया. कारण बताओ सूचना पत्र में **सुश्री काशीबाई ठाकुरदास खंगार** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री काशीबाई ठाकुरदास खंगार को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 15 मार्च 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 30 मार्च 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, आयोग द्वारा **सुश्री काशीबाई ठाकुरदास खंगार** को कारण बताओ सूचना-पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर से उनका अभिमत चाहा गया. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** से प्राप्त पत्र दिनांक 14 अगस्त 2013 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **सुश्री काशीबाई ठाकुरदास खंगार,** ने आज दिनांक तक लेखे/अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरांत अभ्यर्थी **सुश्री काशीबाई ठाकुरदास खंगार** को दिनांक 10 दिसम्बर 2013 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुई, जबकि अभ्यर्थी **सुश्री काशीबाई ठाकुरदास खंगार** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 22 अक्टूबर 2013 की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 24 नवम्बर 2013 को कराई जा चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री काशीबाई ठाकुरदास खंगार,** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

(जी. पी. श्रीवास्तव)

सचिव,

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 15 जनवरी 2014

क्र. एफ. 67-175-10-तीन-98.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार **अध्यक्ष** के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार **अध्यक्ष** का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** के आम निर्वाचन में **सुश्री चढ़ार मैदा मथुरा,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी 2010 एवं 17 जनवरी 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **टीकमगढ़** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **टीकमगढ़** के पत्र दिनांक 29 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री चढ़ार मैदा मथुरा** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री चढ़ार मैदा मथुरा** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 16 फरवरी 2010 को जारी किया गया. कारण बताओ सूचना पत्र में **सुश्री चढ़ार मैदा मथुरा** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री चढ़ार मैदा मथुरा को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 16 मार्च 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 31 मार्च 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था, आयोग द्वारा **सुश्री चढ़ार मैदा मथुरा** को कारण बताओ सूचना-पत्र की तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर से उनका अभिमत चाहा गया. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** से प्राप्त पत्र दिनांक 14 अगस्त 2013 में लेख किया है कि अभ्यर्थी **सुश्री चढ़ार मैदा मथुरा** ने आज दिनांक तक लेखे/अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरांत अभ्यर्थी **सुश्री चढ़ार मैदा मथुरा** को दिनांक 10 दिसम्बर 2013 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर बुलाया गया. अभ्यर्थी व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित नहीं हुई, जबकि अभ्यर्थी **सुश्री चढ़ार मैदा मथुरा** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 22 अक्टूबर 2013 की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 24 नवम्बर 2013 को कराई जा चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री चढ़ार मैदा मथुरा** का इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर परिषद लिधौरा, जिला टीकमगढ़** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

(जी. पी. श्रीवास्तव)

सचिव,

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दमोह, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

दमोह, दिनांक 10 दिसम्बर 2013

क्र. क-भू-अ.वि.अ.-2012-13-1377.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील/ तालुका	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	दमोह	दमोह	83.26	संभागीय प्रबंधक म. प्र. रोड डव्हल्पमेंट कार्पोरेशन लिमि., जबलपुर.	दमोह जबलपुर मार्ग के उन्नयन कार्य हेतु भूमि अर्जन बाबत्.
		योग . .	83.26		

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दमोह संभागीय प्रबंधक, म. प्र. रोड, डव्हलमेंट कार्पोरेशन लिमि., जबलपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
स्वतंत्र कुमार सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला पन्ना, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

पन्ना, दिनांक 18 दिसम्बर 2013

प्र. क्र. 001-अ-82-वर्ष 2013-14.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हैक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
पन्ना	अजयगढ़	नरदहा	निजी भूमि रकबा 2.375 है. एवं शासकीय भूमि रकबा 0.038 है. कुल रकबा 2.413 है.	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, पन्ना.	बरारनाला (मोकछ) तालाब योजना अन्तर्गत बॉध एवं नहर निर्माण कार्य हेतु.

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, पन्ना के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुकेश चन्द गुप्ता, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला विदिशा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

विदिशा, दिनांक 23 दिसम्बर 2013

प्र. क्र. 04-अ-82-13-14.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (1) से (4) वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5(अ) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबंध उसके संबंध में लागू होते हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 (2) के अन्तर्गत	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)	प्राधिकृत अधिकारी	का विवरण
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
विदिशा	कुरवाई	रमखिरिया	0.552	भू-अर्जन अधिकारी, कुरवाई	रेहटी माध्यम सिंचाई परियोजना की डिस्ट्रीब्यूटरी नहर निर्माण कार्य हेतु.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिये भू-अर्जन की आवश्यकता है—रेहटी मध्यम सिंचाई परियोजना की डिस्ट्रीब्यूटरी नहर निर्माण कार्य हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, कार्यालय, भू-अर्जन अधिकारी, कुरवाई में किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. बी. ओझा, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला खरगोन, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

खरगोन, दिनांक 31 दिसम्बर 2013

क्र. 735-भू-अर्जन-2013-प्र. क्र. 1-अ-82-13-14.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है, कि उक्त अधिनियम की धारा-5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे. क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 (1) सह 17 (4) के उपबंध इसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2)	सार्वजनिक प्रयोजन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)	के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	का वर्णन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	रायपुरा	0.250	संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमि., इन्दौर.	बी. ओ. टी. (एन्यूटी) योजनान्तर्गत बामखल फाटा से दोगावां व्हाया बोरावां सरवरदेवला मार्ग के निर्माण हेतु.

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर, जिला खरगोन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, कसरावद एवं संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमि., इन्दौर के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

क्र. 732-भू-अर्जन-2013-प्र. क्र. 2-अ-82-13-14.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है, कि उक्त अधिनियम की धारा-5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे. क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 (1) सह 17 (4) के उपबंध इसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	मिर्जापुर	3.070	संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमि., इन्दौर.	बी. ओ. टी. (एन्यूटी) योजनान्तर्गत बामखल फाटा से दोगावां व्हाया बोरावां सरवरदेवला मार्ग के निर्माण हेतु.

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर, जिला खरगोन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, कसरावद एवं संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमि., इन्दौर के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

क्र. 731-भू-अर्जन-2013-प्र. क्र. 3-अ-82-13-14.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है, कि उक्त अधिनियम की धारा-5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे. क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 (1) सह 17 (4) के उपबंध इसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	पिपरी	2.787	संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमि., इन्दौर.	बी. ओ. टी. (एन्यूटी) योजनान्तर्गत बामखल फाटा से दोगावां व्हाया बोरावां सरवरदेवला मार्ग के निर्माण हेतु.

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर, जिला खरगोन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, कसरावद एवं संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमि., इन्दौर के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

क्र. 734-भू-अर्जन-2013-प्र. क्र. 4-अ-82-13-14.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के

खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है, कि उक्त अधिनियम की धारा-5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे. क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 (1) सह 17 (4) के उपबंध इसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	काकरियाव	0.061	संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमि., इन्दौर.	बी. ओ. टी. (एन्यूटी) योजनान्तर्गत बामखल फाटा से दोगावां व्हाया बोरावां सरवरदेवला मार्ग के निर्माण हेतु.

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर, जिला खरगोन, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, कसरावद एवं संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमि., इन्दौर के कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है.

क्र. 733-भू-अर्जन-2013-प्र. क्र. 5-अ-82-13-14.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसके संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है, कि उक्त अधिनियम की धारा-5 (क) के उपबंध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे. क्योंकि उनकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 (1) सह 17 (4) के उपबंध इसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम/नगर	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
खरगोन	कसरावद	उमरिया	0.270	संभागीय प्रबंधक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमि., इन्दौर.	बी. ओ. टी. (एन्यूटी) योजनान्तर्गत बामखल फाटा से दोगावां व्हाया बोरावां सरवरदेवला मार्ग के निर्माण हेतु.

